अपील क्रमांक 183/बो.प्र./नि.स./2022
कार्यालय प्रमुख अभियंता (बोधी प्रकोष्ट)
जल संसाधन विभाग,
शिवनाथ भवन, सेक्टर–19,
अटल नगर, नवा रायपुर

दिनांक /10/2022

**अपील प्रकरण क्रमांक 183/बो.प्र./नि.स./2022**

**अपीलार्थी**
श्री मनोज कुमार अजगल्ले,
एम.आई.जी.–04, नेहरू नगर,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 7987040970

**विरूद्ध**

**उत्तरवादी**
श्री ए.के. साय,
जनसूचना अधिकारी,कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग,
नवा रायपुर (छ.ग.)

**आदेश दिनांक 28.10.2022**

1 अपीलार्थी श्री मनोज कुमार अजगल्ले अनुपस्थित।,

2. जनसूचना अधिकारी श्री ए.के. साय उपस्थित।

3.प्रकरणसंक्षेपः

(i) आवेदक/अपीलार्थी ने अपने आवेदन पत्र दिनांक 27.09.2022 द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत श्री मनोज कुमार अजगल्ले ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन पत्र में 3 बिन्दुओं पर वांछित जानकारी 48 घंटों में उपलब्ध कराने एवं रिकार्ड अवलोकन की अनुमति देने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था, जिसका इस कार्यालय का आवक क्रं. 1486, दिनांक 27.09.2022 को प्राप्त हुआ

(ii) जनसूचना अधिकारी ने पत्र क्रं. 9413, दिनांक 21.10.2022 को पत्र द्वारा आवेदक को पंजीकृत डाक से सूचित किया कि चाही गई वांछित जानकारी संबंधित कक्ष से प्राप्त टीप (छायाप्रति संलग्न) अनुसार निरंक प्रेषित की गयी।

(iii) आवेदक/अपीलार्थी ने जनसूचना अधिकारी द्वारा समयावधि में जानकारी नहीं दिये जाने से असंतुष्ट होकर दिनांक 18.10.2022 द्वारा प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया, जो दिनांक 19.10.2022 को प्रथम अपीलीय अधिकारी को प्राप्त हुआ। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.10.2022 को समय दोपहर 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कक्ष क्र. SA-9, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर में निर्धारित किया गया।

4. जनसूचना अधिकारी द्वारा आज दिनांक 12.09.2022 को सुनवाई में उपस्थित होकर बताया गया कि आवेदक / अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 27.09.2022 को प्राप्त हुआ। उपरोक्त वांछित जानकारी प्राप्त करने हेतु नस्ती स्थापना शाखा में प्रस्तुत की गई। स्थापना शाखा से प्राप्त टीप अनुसार "**सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी बिन्दु क्रं. –1 इस कार्यालय से संबंधित है तथा बिन्दु क्रं. 02 एवं 03 शासन स्तर से संबंधित है। प्रकरण में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय दाऊ कल्याण सिंह भवन रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 2–7/2006/1/6, दिनांक 29.03. 2006 द्वारा शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली, विभागीय पदोन्नति समिति के बैठकों के कर्यवाही विवरण आदि की जानकारी को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर रखा गया है। चूँकि बिन्दु क्रं.–01 के लिए उपअभियंता के गोपनीय प्रतिवेदन तथा अन्य जानकारी जो पदोन्नति हेतु आवश्यक होती है। शासन के उक्त परिपत्र दिनांक 29.03.2006 के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।**" उक्त टीप के आधार पर अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9413, दिनांक 21.10.2022 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा जानकारी निरंक प्रेषित की गई।

5. (i) जनसूचना अधिकारी ने नियम अवधि से पूर्व आवेदक/अपीलार्थी को विस्तृत रूप से सूचित किया था।

(ii) आवेदक/अपीलार्थी को यह स्पष्ट किया गया था कि संबंधित कक्ष से प्राप्त टीप अनुसार वांछित जानकारी पंजीकृत डाक से अपीलार्थी को सूचित किया गया।

(iii) आवेदक/अपीलार्थी ने जानकारी नहीं देने संबंधी अपील की जो दिनांक 19.10.2022 को प्राप्त हुई। अपील प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.10.2022 को निर्धारित की गई, जिसमें आवेदक/अपीलार्थी अनुपस्थित रहा।

6. जनसूचना अधिकारी ने नियत समय सूचना, निर्धारित अवधि में दी थी। जनसूचना अधिकारी द्वारा अपीलार्थी को संबंधित कक्ष से प्राप्त टीप अनुसार वांछित जानकारी समय पूर्व पंजीकृत डाक से प्रेषित की गई। जनसूचना अधिकारी ने नियमानुसार निर्धारित अवधि में कार्य किया है। अतः अपील निराकृत।

इस आदेश की प्रति संबंधित पक्षों को निःशुल्क प्रदान की जाती है। इस आदेश से असंतुष्ट पक्ष, इस आदेश के विरूद्ध 90 दिनों के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, नार्थ ब्लाक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) पिन 492002 के कार्यालय में द्वितीय अपील प्रस्तुत कर सकते है।

सही/-

**(वीरेन्द्र तिवारी)**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी,**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**जल संसाधन विभाग,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

**पृ.क्रं./183/बो.प्र./नि.स./2022/ 9693** **रायपुर, दिनांक 31/10/2022**

प्रतिलिपिः–

1. अधीक्षण अभियंता, एम.आई.एस., कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। कृपया उक्त आदेश को विभाग के बेबसाईट (RTI) में अपलोड कराने का कष्ट करें।
2. श्री ए.के. साय, जनसूचना अधिकारी, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्री मनोज कुमार अजगल्ले, एम.आई.जी.–04, नेहरू नगर, बिलासपुर (छ.ग.)

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**(वीरेन्द्र तिवारी)**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी,**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**जल संसाधन विभाग,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**